चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा
नीट यू0जी0–2026 काउंसिलिंग

राजकीय/निजी क्षेत्र के मेडिकल एवं डेण्टल कालेज/संस्थान/विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु
(एम.बी.बी.एस. तथा बी.डी.एस. पाठ्यक्रम)

विवरण पुस्तिका (Brochure)

Directorate of Medical Education and Training
Uttar Pradesh, Lucknow

National Eligibility cum Entrance Test
NEET UG -2026 Counseling

For Admission in Government/Private
Medical & Dental College/Institutions/University
(M.B.B.S. & B.D.S. Courses)

अनुक्रमणिका

क्रम संख्या	विषय	पृष्ठ कमांक
अध्याय–1	काउंसिलिंग प्रकिया– फ्लो चार्ट	**3**
अध्याय–2	अर्हताएं	**4**
अध्याय–3	आरक्षण	**5–6**
अध्याय–4	पंजीकरण प्रकिया	**7–8**
अध्याय–5	च्वाइस फिलिंग तथा आवंटन प्रक्रिया	**9–11**
अध्याय–6	प्रवेश प्रकिया	**12**
अध्याय–7	त्यागपत्र	**13–14**
अध्याय–8	अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड	**15**
अध्याय–9	सहायता केन्द्र	**16–17**
	अनुलग्नक	
I.	ऑनलाइन प्रमाण पत्र सत्यापन केन्द्र	**18**
II.	प्रवेश हेतु नोडल सेन्टर	**19–20**
III.	राजकीय क्षेत्र के मेडिकल एवं डेण्टल कालेजों की सूची	**21–22**
IV.	निजी क्षेत्र के मेडिकल एवं डेण्टल कालेजों की सूची	**23–24**
V.	दिव्यांगजन प्रमाण पत्र जारी करने हेतु निर्धारित केन्द्रों की सूची	**25–28**
VI.	एन0टी0ए0 शैक्षणिक अर्हताएं	**29–32**
VII.	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित के प्रमाण–पत्र का प्रारूप	**33–34**
VIII.	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रमाण पत्र का प्रारूप	**35**
IX.	भूतपूर्व सैनिक (युद्ध में अपंग/सेवानिवृत्त/शहीद) के पुत्र/पुत्री के लिए के प्रमाण पत्र का प्रारूप	**36**
X.	शासकीय सेवा बाण्ड का प्रारूप	**37–38**

अध्याय–1

काउंसिलिंग प्रक्रिया– फ्लो चार्ट



अध्याय–2

अर्हताएं

- ऐसे अभ्यर्थी जिन्हे नीट यू0जी0–2026 की परीक्षा में अर्ह घोषित किया गया हो।

- उत्तर प्रदेश राज्य के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी एन0टी0ए0 द्वारा जारी आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु कट–ऑफ स्कोर के अनुसार यू0पी0 नीट यू0जी0–2026 की काउंसिलिंग हेतु अर्ह होगें।

- अन्य राज्यों के आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी एन0टी0ए0 द्वारा जारी अनारक्षित वर्ग के कट–ऑफ स्कोर के अनुसार ही यू0पी0 नीट यू0जी0–2026 की काउंसिलिंग में पंजीकरण हेतु अर्ह होगें। ऐसे अभ्यर्थियों को एन0टी0ए0 द्वारा जारी आरक्षित वर्ग के कट–ऑफ स्कोर का लाभ अनुमन्य नहीं होगा।

- प्रदेश के राजकीय क्षेत्र के समस्त मेडिकल एवं डेण्टल कालेजों/संस्थानों/विश्वविद्यालयों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। इस निमित्त, ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष दोनों परीक्षायें उत्तर प्रदेश से उत्तीर्ण की हो, उनके लिए डोमिसाईल/सामान्य निवास प्रमाण पत्र आवश्यक नहीं होगा।

- ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट में से एक अथवा दोनों परीक्षायें उत्तर प्रदेश के बाहर से उत्तीर्ण की है तथा उत्तर प्रदेश राज्य का मूल निवासी है, ऐसे अभ्यर्थियो को उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा निर्धारित प्रारूप पर उत्तर प्रदेश के सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत डोमीसाइल/सामान्य निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

- प्रदेश के निजी क्षेत्र के मेडिकल एवं डेण्टल कालेजों/विश्वविद्यालयों तथा अल्पसंख्यक संस्थाओं मे संचालित स्नातक पाठ्यक्रम मे प्रवेश हेतु उत्तर प्रदेश राज्य का मूल निवासी होना आवश्यक नहीं होगा तथा भारत के अन्य प्रदेशों से हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी निजी क्षेत्र के मेडिकल एवं डेण्टल कालेजों तथा अल्पसंख्यक संस्थाओं की काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु अर्ह होंगे।

- यू0पी0 नीट यू0जी0–2025 के स्ट्रे एवं स्पेशल स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड से आवंटित ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा प्रवेश नहीं लिया गया हो, वे यू0पी0 नीट यू0जी0–2026 की काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु अर्ह नहीं होंगे।

- एन0टी0ए0 (National Testing Agency) द्वारा नीट यू0जी0–2026 हेतु जारी ब्रोशर मे उल्लिखित शैक्षणिक अर्हताएं स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु लागू होगी। **(अनुलग्नक–VI)**

अध्याय–3
आरक्षण

- यू0पी0 नीट यू0जी0–2026 के काउंसलिंग हेतु आरक्षण शासनादेश संख्या–**I/1448377/2026, Dated 01-09-2026** के अनुसार अनुमन्य होंगे।
- आरक्षण के संबंध में उक्त शासनादेश में दिये गये प्राविधानों के सुसंगत अंश निम्नवत् हैः–

क) उर्द्धवाधर (Vertical) आरक्षणः–

- प्रदेश में स्थापित राजकीय क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/विश्वविद्यालयों/स्वशासी संस्थानों (विशेष समन्वित योजना (एस0सी0पी0) के अन्तर्गत स्थापित राजकीय मेडिकल कालेजों को छोड़कर) में स्नातक पाठ्यक्रम की स्टेट कोटे की सीटो पर उत्तर प्रदेश के मूल निवासियों को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी आरक्षित वर्ग की जातियों की अद्यतन सूची के अनुसार निम्नानुसार आरक्षण अनुमन्य होगाः–

1	अनुसूचित जाति के अभ्यर्थी	21 प्रतिशत
2	अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी	02 प्रतिशत
3	अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी	27 प्रतिशत
4	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी	10 प्रतिशत

- शासनादेश संख्या–I/1448377/2026, Dated 01-09-2026 में निहित व्यवस्था के अनुसार प्रदेश मे विशेष समन्वित योजना (एस0सी0पी0) के अन्तर्गत स्थापित राजकीय मेडिकल कालेज, अम्बेडकरनगर, कन्नौज, जालौन तथा सहारनपुर में प्रत्येक कालेज में उर्द्धवाधर आरक्षण के अन्तर्गत शासन द्वारा स्टेट कोटे की सीटों का श्रेणीवार विभाजन निम्नवत् किया गया हैः–

क्र0 सं0	श्रेणी	राज्य सरकार द्वारा आवंटित सीटे
1	अनुसूचित जाति	62
2	अनुसूचित जनजाति	05
3	अन्य पिछड़ा वर्ग	11
4	अनारक्षित	07
	योग	85

ख) क्षैतिज (Horizontal) आरक्षणः–

1	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रितों के लिए	02 प्रतिशत
2	भूतपूर्व सैनिक (युद्ध में अपंग/सेवानिवृत्त/शहीद) के पुत्र/पुत्री के लिए	02 प्रतिशत
3	दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए	05 प्रतिशत
4	एन0सी0सी0 कैडेट के लिए (कम से कम बी ग्रेडिंग सहित सी अथवा बी सर्टिफिकेट)	01 प्रतिशत
5	महिला अभ्यर्थियो के लिए	20 प्रतिशत

- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) श्रेणी हेतु दिनांक **01 अप्रैल, 2026** या उसके बाद का निर्गत प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।
- आरक्षण से सम्बन्धित सभी प्रमाण पत्र (दिव्यांगता एवं एन0सी0सी0 प्रमाण–पत्र को छोड़कर) उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर उत्तर प्रदेश के सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत ही मान्य होगें।
- भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति हेतु प्रस्तुत किये जाने वाले प्रमाण पत्र के प्रपत्र पर आरक्षण प्रमाण पत्र मान्य नही होगा।

- दिव्यांगता प्रमाण–पत्र, मेडिकल काउंसिलिंग कमेटी, Director General of Health Services (DGHS), Ministry of Health and Family Welfare, New Delhi द्वारा जारी निर्देशानुसार निर्धारित केन्द्रों से निर्गत एवं निर्धारित प्रारूप पर ही मान्य होंगे। उक्त के अतिरिक्त किसी अन्य प्रारूप पर दिव्यांगता प्रमाण–पत्र मान्य नहीं होंगे। दिव्यांगता के सम्बन्ध में एन0एम0सी0, नई दिल्ली द्वारा समय–समय पर जारी गाइड–लाइन्स में निहित निर्देश ही मान्य होंगे।**(अनुलग्नक–V)**
- एन0सी0सी0 प्रमाण पत्र (कम से कम बी ग्रेडिंग सहित सी अथवा बी सर्टिफिकेट) निर्धारित प्रारूप पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत ही मान्य होगें।
- निजी क्षेत्र के अल्पसंख्यक संस्थानों की 50 प्रतिशत सीटों पर संबंधित धार्मिक अल्पसंख्यक अभ्यर्थियों को आवंटन प्रदान किया जायेगा तथा 50 प्रतिशत सीटें ओपेन श्रेणी के अभ्यर्थियों से आवंटित की जाएगी।
- धर्म सम्परिवर्तन करने वाले उत्तर प्रदेश के मूल निवासी अभ्यर्थियों के अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र, उत्तर प्रदेश विधि विरूद्व धर्म सम्परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 के प्रावधानों के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ही मान्य होगा।
- अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग–4 के शासनादेश संख्या–429/बावन–4–98–33/98 दिनांक 28.10.1998 द्वारा अल्पसंख्यक प्रमाण–पत्र जारी किये जाने हेतु जिलाधिकारी/अपर जिलाधिकारी/उप जिलाधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट/ तहसीलदार, जिसके क्षेत्र में संबंधित अभ्यर्थी निवास करता हो अथवा जन्मा हो, को अधिकृत किया गया है। यह प्रमाण पत्र किसी अन्य वेतनभोगी मजिस्ट्रेट, जो संबंधित जिलाधिकारी द्वारा प्राधिकृत हो अथवा संबंधित जनपद के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा भी प्रदान किया जा सकता है।
- उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त भारत के अन्य राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के धर्म सम्परिवर्तन करने वाले अभ्यर्थियों के अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र संबंधित राज्य/संघ शासित क्षेत्र के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ही मान्य होगें।
- नीट 2026 परीक्षा के आवेदन के समय उ0प्र0 राज्य के आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों द्वारा यदि अपनी श्रेणी अनारक्षित अंकित की गयी हो, तो यू0पी0 नीट यू0जी0–2026 के काउंसिलिंग हेतु पंजीकरण के समय ऐसे अभ्यर्थियो द्वारा अपना पंजीकरण आरक्षित श्रेणी के अन्तर्गत कराने पर संबंधित आरक्षित श्रेणी का लाभ नियमानुसार देय होगा।
- शासनादेश संख्या–22 सीएम/26–3–2013 दिनांक–10.06.2013 द्वारा विमुक्त जाति के आरक्षण के सम्बन्ध में शासनादेश के बिन्दु संख्या–03 एवं 04 में निम्न व्यवस्था की गयी है:–

  बिन्दु 3– जहॉ तक विमुक्त जातियों को आरक्षण की सुविधा की अनुमन्यता का प्रश्न है कि विमुक्त जाति के अन्तर्गत आने वाली, जो जातियॉ अनुसूचित जाति अथवा पिछड़ा वर्ग के अन्तर्गत वर्गीकृत है, उन्हे तद्नुरूप उक्त वर्गो हेतु अनुमन्य आरक्षण की सुविधा प्रदत्त होगी।

  बिन्दु 4– यह स्पष्ट किया जाता है कि विमुक्त जातियों को विमुक्त जाति के नाम से आरक्षण की सुविधा अनुमन्य नही है, अपितु जैसा कि उपर स्पष्ट किया गया है कि विमुक्त जातियों की सूची में अंकित वह जातियॉ, जो अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति अथवा अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में सम्मिलित है, उन्हे उक्त जाति को अनुमन्य आरक्षण का लाभ प्राप्त होगा।

अध्याय–4
पंजीकरण प्रक्रिया

ऑनलाइन पंजीकरण एवं पंजीकरण शुल्क–

- पंजीकरण हेतु अभ्यर्थी नीट काउंसिलिंग की वेबसाइट ***https://upneet.gov.in*** पर लॉगिन करते हुये नीट यू0जी0–2026 के रोल नं0 एवं एप्लीकेशन नं0 का प्रयोग करेगें तथा स्क्रीन पर दिये गये दिशा–निर्देशो के अनुसार पंजीकरण फार्म भरेंगे।
- अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि नीट काउंसिलिंग की वेबसाइट पर पंजीकरण फार्म स्वयं भरे न कि किसी ऐजेन्ट या अन्य व्यक्ति के द्वारा पंजीकरण फार्म भरवायें, साथ ही पंजीकरण हेतु अभ्यर्थी अपने स्वयं के मोबाइल नम्बर एवं ईमेल आई0डी0 का इस्तेमाल करें।
- पोर्टल पर लॉगिन करने के पश्चात् अभ्यर्थी द्वारा नीट परीक्षा के समय दिये गये विवरण यथा अभ्यर्थी का नाम, माता/पिता का नाम, जन्मतिथि इत्यादि स्वतः प्रदर्शित होगी जिसमें कोई भी बदलाव संभव नही है। तत्पश्चात अभ्यर्थी को पंजीकरण फार्म में समस्त अपेक्षित अन्य विवरण यथा श्रेणी/उपश्रेणी, अभ्यर्थी का पता, मोबाइल नम्बर, ईमेल आई0डी0 इत्यादि अंकित करना होगा।
- पंजीकरण फार्म भरने के पश्चात् अभ्यर्थी को एक पासवर्ड बनाना होगा। उक्त पासवर्ड का प्रयोग अभ्यर्थी द्वारा च्वाइस फिलिंग के समय किया जायेगा। अभ्यर्थी अपना पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति से साक्षा न करें।
- काउंसिलिंग हेतु पंजीकरण शुल्क ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से निम्नानुसार देय होगाः–
  प्रथम/द्वितीय/तृतीय चक्र एवं स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड की काउन्सिलिंग हेतु रू0 2,000/–(रूपये दो हजार मात्र)
- स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड में प्रतिभाग करने हेतु सभी अर्ह अभ्यर्थियो को नवीन पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
- पंजीकरण शुल्क किसी भी दशा मे वापस देय नहीं (**Non Refundable**) होगा।
- पंजीकरण के पश्चात अभ्यर्थी को पंजीकरण फार्म एवं पंजीकरण शुल्क की रसीद डाउनलोड करनी होगी।

धरोहर धनराशि :–

- धरोहर धनराशि जमा करने से पूर्व अभ्यर्थी काउंसिलिंग हेतु अपनी अर्हता स्वयं जॉच ले।
- यू0पी0 नीट यू0जी0 2026 की काउंसिलिंग हेतु धरोहर धनराशि ऑनलाइन माध्यम से निम्नानुसार देय होगाः–
  1. राजकीय क्षेत्र के कालेजों हेतु रू0 30,000/–(रूपये तीस हजार मात्र)
  2. निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों हेतु रू0 2,00,000/– (रूपये दो लाख मात्र) तथा
  3. निजी क्षेत्र के डेण्टल कालेजों हेतु रू0 1,00000/–(रू0 एक लाख मात्र)
- ऐसे अभ्यर्थी जो राजकीय एवं निजी दोनों क्षेत्र के मेडिकल एवं डेण्टल कालेज की सीटों हेतु काउंसिलिंग में प्रतिभाग करना चाहते हैं उन्हें मात्र रू0 2,00,000/–(रूपये दो लाख मात्र) की धरोहर धनराशि ही जमा करनी होगी।

- ऐसे अभ्यर्थी जो राजकीय एवं निजी दोनों क्षेत्र के डेण्टल कालेज की सीटों हेतु काउंसिलिंग में प्रतिभाग करना चाहते हैं उन्हें मात्र रू0 1,00,000/–(रूपये एक लाख मात्र) की धरोहर धनराशि ही जमा करनी होगी।
- धरोहर धनराशि जमा करने के पश्चात अभ्यर्थी को धरोहर धनराशि की रसीद डाउनलोड करनी होगी।
- जिन अभ्यर्थियों द्वारा धरोहर धनराशि जमा नहीं की जायेगी, वह च्वाईस फिलिंग हेतु अर्ह नहीं होंगे।
- समस्त चक्र की काउंसिलिंग समाप्त होने के उपरान्त यदि अभ्यर्थी को कोई भी सीट आवंटित नही होती है तो ऐसी दशा में उसकी धरोहर धनराशि, **जिस बैंक खाते से भुगतान किया होगा, उसी बैंक खाते में नियमानुसार वापस की जायेगी।**
- राजकीय/निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/डेण्टल कालेजों में आवंटन प्राप्त अभ्यर्थियों द्वारा प्रवेश लेने के उपरान्त धरोहर धनराशि, **जिस खाते से भुगतान किया होगा, उसी बैंक खाते में नियमानुसार वापस कर दी जायेगी।**
- **अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि धरोहर धनराशि का भुगतान अपने बैंक खाते अथवा अपने माता/पिता के बैंक खाते से ही करें, ताकि रिफण्ड के समय किसी भी असुविधा से बचा जा सके।**

आनलाइन अभिलेखों का सत्यापन –

- यू0पी0 नीट यू0जी0–2026 के अन्तर्गत काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों के अभिलेखों का सत्यापन आनलाइन किया जायेगा।
- पंजीकरण करते समय अभ्यर्थी को, अभिलेखों के ऑनलाइन सत्यापन हेतु दिये गये नोडल सेण्टरों में से किसी एक नोडल सेन्टर का चयन करना होगा। **(अनुलग्नक–I)**
- अभ्यर्थियों द्वारा इस हेतु निम्नांकित अभिलेख अपलोड किए जायेंगे:–
  1. हाईस्कूल मार्कशीट/प्रमाण पत्र
  2. इण्टरमीडिएट मार्कशीट
  3. आरक्षण से संबंधित प्रमाण पत्र (OBC, SC, ST, EWS & EX. Army, NCC, FF, PwD) (यदि लागू हो तो)
  4. डोमिसाईल सर्टिफिकेट (यदि लागू हो तो)

अध्याय–5
च्वाइस फिलिंग तथा आवंटन प्रक्रिया

- धरोहर धनराशि जमा करने के पश्चात अभ्यर्थी को च्वाईस फिलिंग करना होगा।
- अभ्यर्थी च्वाईस लॉकिंग हेतु उपलब्ध विकल्पों में से सभी विकल्पों का चयन करने हेतु स्वतन्त्र होगा।
- **च्वाईस फिलिंग के पश्चात् च्वाईस लॉक करना अनिवार्य होगा। च्वाईस लॉक न करने की दशा में सीट आवंटन नही होगा।**
- अभ्यर्थी द्वारा चयनित विकल्पों के क्रम से ही उसके रैंक के अनुसार उपलब्ध सीट का आवंटन किया जाएगा।
- काउंसिलिंग प्रकिया ऑनलाईन माध्यम से चार चक्रों (प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड) में सम्पन्न की जायेगी।
- अभ्यर्थी प्रथम एवं द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग से आवंटित सीट को तृतीय चक्र की काउंसिलिंग तक अपग्रेड करने हेतु अर्ह होंगे।
- अभ्यर्थी द्वारा पुनरावंटन हेतु दिये गये विकल्प के अनुसार यदि कोई सीट आवंटित हो जाती है तो पूर्व में आवंटित सीट स्वतः रिक्त होकर किसी अन्य अर्ह अभ्यर्थी को आवंटित हो जायेगी। पुनरावंटन (Reshuffle) न होने की दशा में अभ्यर्थी द्वारा पूर्व प्रवेशित सीट यथावत बनी रहेगी।
- पुनरावंटन हेतु अभ्यर्थी च्वाइस फिलिंग के दौरान पूर्ववर्ती चक्र की काउंसिलिंग से प्रवेशित सीट का विकल्प अगले चक्र की काउंसिलिंग मे न भरे। यदि पूर्व प्रवेशित सीट का विकल्प भरने के पश्चात् अभ्यर्थी को पुनरावंटन के फलस्वरूप वही सीट पुनः आवंटित हो जाती है तो ऐसी दशा में अभ्यर्थी को आवंटित मेडिकल/डेंटल कॉलेज/नोडल सेंटर पर उपस्थित होकर प्रवेश प्रकिया पुनः सम्पन्न करनी होगी। अन्यथा की दशा में पूर्व से प्रवेशित सीट स्वतः निरस्त हो जाएगी। जिसका समस्त उत्तरदायित्व अभ्यर्थी के स्वयं का ही होगा।

(क–) प्रथम चक्र की काउन्सिलिंगः–

- राजकीय तथा निजी क्षेत्र के मेडिकल कॉलेजों/डेण्टल कालेजों हेतु प्रथम चक्र की काउन्सिलिंग द्वारा आवंटित/प्रवेशित अभ्यर्थियो को निःशुल्क निर्गमन (Free Exit) की सुविधा होगी अर्थात् प्रथम चक्र की काउंसिलिंग से आवंटन के पश्चात् यदि अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश नहीं लिया जाता है तो, उसकी धरोहर धनराशि जब्त नहीं की जाएगी।
- प्रथम चक्र की काउन्सिलिंग से निःशुल्क निर्गमन (Free Exit) की सुविधा प्राप्त अभ्यर्थी द्वितीय अथवा तृतीय चक्र की काउन्सिलिंग में पुनः प्रतिभाग कर सकता है।

(ख–) द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंगः–

- प्रथम चक्र की काउन्सिलिंग से अनावंटित/ प्रवेशित / निःशुल्क निर्गमन (Free Exit) की सुविधा प्राप्त अभ्यर्थियो को द्वितीय चक्र की कांउसिलिग में प्रतिभाग करने हेतु पुनः धरोहर धनराशि जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।
- राजकीय तथा निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/डेण्टल कालेजों हेतु द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग द्वारा आवंटित सीट पर अभ्यर्थी को प्रवेश प्राप्त करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति मे जमा की गयी सम्पूर्ण धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। ऐसे अभ्यर्थी तृतीय चक्र की कांउसिलिंग मे प्रतिभाग करने हेतु पुनः धरोहर धनराशि जमा करने के पश्चात ही अर्ह होगे।

- राजकीय तथा निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/डेण्टल कालेजों हेतु प्रथम चक्र की काउन्सिलिंग से प्रवेशित अभ्यर्थी यदि द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग में पुनरावंटन के पश्चात् प्रवेश नहीं लेता है तो अभ्यर्थी द्वारा जमा की गयी सम्पूर्ण धरोहर धनराशि जब्त कर ली जाएगी तथा राजकीय क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/डेण्टल कॉलेजों हेतु प्रवेश शुल्क को छोड़कर तत्समय जमा समस्त शुल्क एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/डेण्टल कॉलेजों हेतु अभ्यर्थी द्वारा तत्समय जमा शिक्षण शुल्क वापस कर दिया जाएगा।

(ग–) तृतीय चक्र की काउन्सिलिंगः–

- प्रथम एवं द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग से अनावंटित तथा प्रवेशित अभ्यर्थियों को तृतीय चक्र की काउंसिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु पुनः धरोहर धनराशि जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।
- राजकीय तथा निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/डेण्टल कालेजों हेतु तृतीय चक्र की काउन्सिलिंग द्वारा आवंटित सीट पर अभ्यर्थी को प्रवेश प्राप्त करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति मे जमा की गयी सम्पूर्ण धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
- राजकीय क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/डेण्टल कालेजों हेतु प्रथम/द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग से प्रवेशित अभ्यर्थी यदि तृतीय चक्र की काउन्सिलिंग में पुनरावंटन के पश्चात् प्रवेश नहीं लेता है तो अभ्यर्थी द्वारा जमा की गयी सम्पूर्ण धरोहर धनराशि तथा तत्समय जमा किये गये समस्त शुल्क जब्त कर लिया जायेगा।
- निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/डेण्टल कालेजों हेतु प्रथम/द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग से प्रवेशित अभ्यर्थी यदि तृतीय चक्र की काउन्सिलिंग में पुनरावंटन के पश्चात् प्रवेश नहीं लेता है तो अभ्यर्थी द्वारा जमा की गयी सम्पूर्ण धरोहर धनराशि जब्त कर ली जाएगी तथा तत्समय जमा किये गये शिक्षण शुल्क का 50 प्रतिशत जब्त कर लिया जायेगा।
- तृतीय चक्र की काउंसिलिंग के आवंटन की प्रोसेसिंग के पश्चात् यदि आरक्षित श्रेणी की कोई भी सीट रिक्त रह जाती है, तो ऐसी सभी सीटों को निम्नांकित तालिकानुसार आमेलित करते हुए तृतीय चक्र की आवंटन प्रकिया सम्पन्न की जाएगीः–

CONVERSION ALGORITHM

S.No.	CONVERSION CATEGORY	CATEGORY CONVERTED TO
1	ST (PwD, Ex, FF, NCC)	ST
2	SC (PwD, Ex, FF, NCC)	SC
3	UR (PwD, Ex, FF, NCC)	UR
4	OBC (PwD, Ex, FF, NCC)	OBC
5	EWS (PwD, Ex, FF, NCC)	EWS
6	ST	SC
7	SC	UR
8	OBC	UR
9	EWS	UR
10	Minority	UR

(घ–) स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड के सम्बन्ध मेंः–

- स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड हेतु वही अभ्यर्थी अर्ह होगे, जिन्हें यू0पी0 नीट यू0जी0 2026 के किसी भी चक्र की काउंसिलिंग से कोई भी सीट आवंटित न हुई हो।
- स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड हेतु नीट यू0जी0–2026 की ऑल इण्डिया काउंसिलिंग एवं अन्य राज्यों की काउंसिलिंग के किसी भी चक्र के माध्यम से प्रवेशित अभ्यर्थी अर्ह नहीं होंगे।

- यू0पी0 नीट यू0जी0– 2026 के प्रथम चक्र/द्वितीय चक्र/तृतीय चक्र की काउंसिलिंग से बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम में प्रवेशित अभ्यर्थी स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड की एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम की च्वॉइस फ़िलिंग हेतु अर्ह होंगे। ऐसे अभ्यर्थी नियमानुसार राजकीय/निजी क्षेत्र के एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम हेतु देय धरोहर धनराशि ऑनलाइन माध्यम से जमा करना सुनिश्चित करेंगे। जिन अभ्यर्थियों की धरोहर धनराशि जमा नहीं होगी, वे अभ्यर्थी च्वॉइस फ़िलिंग हेतु अर्ह नहीं होंगे।
- स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड में प्रतिभाग करने हेतु समस्त अर्ह अभ्यर्थियों को पृथक से रू0 2000/– पंजीकरण शुल्क जमा करते हुये नवीन पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
- ऐसे अभ्यर्थी जो पूर्व चक्रों की काउंसिलिंग में प्रतिभाग नहीं किये हों, एवं प्रथम बार स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड की काउंसिलिंग में प्रतिभाग कर रहे हों, उन्हें नियमानुसार धरोहर धनराशि जमा करना आनिवार्य होगा।
- प्रथम/द्वितीय/तृतीय चक्र की काउन्सिलिंग में पंजीकृत एवं अनावंटित ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा पूर्व में धरोहर धनराशि जमा की गयी है, उन्हें स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड की काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु पुनः धरोहर धनराशि जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।
- स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड से आवंटन प्राप्त समस्त अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय समस्त मूल शैक्षणिक/आरक्षण संबंधी प्रमाण–पत्र आवंटित मेडिकल कालेज/नोडल सेन्टर पर प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा की स्थिति मे अभ्यर्थी के प्रवेश पर विचार नहीं किया जायेगा।
- यदि कोई अभ्यर्थी स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड से आवंटन के पश्चात् प्रवेश नही लेता है, तो ऐसे अभ्यर्थियों की जमा धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा यू0पी0 नीट यू0जी0 काउंसिलिंग 2027–28 के लिये प्रतिबंधित कर दिया जायेगा।

अध्याय–6
प्रवेश प्रक्रिया

- राजकीय क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेज/संस्थान/विश्वविद्यालय में आवंटित अभ्यर्थियो को प्रवेश प्रकिया आवंटित कालेज में सम्पन्न करनी होगी।

- निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेज/विश्वविद्यालय एवं अल्प–संख्यक संस्थान हेतु प्रवेश प्रकिया के सम्बन्ध में रिट याचिका (सिविल) संख्या–267/2017 दार्–अस–सलाम एजूकेशनल ट्रस्ट व अन्य बनाम मेडिकल कांउसिल ऑफ इण्डिया व अन्य में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 09.05.2017 के क्रम में, विभिन्न मेडिकल कालेजों/संस्थानों/विश्वविद्यालयों को नोडल सेण्टर बनाकर निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेन्टल कालेजों में आवंटित अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रकिया पूर्ण की जायेगी।

- निजी क्षेत्र के कालेजों में प्रवेश हेतु निर्धारित नोडल सेन्टर की सूची संलग्न है। **(अनुलग्नक–II)**
- निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेज/विश्वविद्यालय (अल्पसंख्यक संस्थानों को छोड़कर) में आवंटित अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय ही शासन द्वारा निर्धारित **शिक्षण शुल्क** की धनराशि को सी0टी0एस0 डिमांड ड्राफ्ट द्वारा, जो **महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के पक्ष में देय हो,** निर्धारित नोडल सेन्टर पर जमा करना अनिवार्य होगा।
- अल्पसंख्यक संस्थानों/कॉलेजों में प्रवेश के समय अभ्यर्थियों को सम्बन्धित अल्पसंख्यक कॉलेजों/संस्थानों द्वारा निर्धारित शिक्षण शुल्क की धनराशि को सी0टी0एस0 डिमांड ड्राफ्ट द्वारा, जो **महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के पक्ष में देय हो,** निर्धारित नोडल सेन्टर पर जमा करना अनिवार्य होगा।
- निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/डेण्टल कालेजों/विश्वविद्यालयों हेतु यह अनिवार्य होगा कि वह शासन द्वारा निर्धारित शिक्षण शुल्क तथा अन्य शुल्क अपनी वेबसाइट पर प्रदर्शित करेंगे एवं अल्पसंख्यक संस्थान भी अपने कालेजों हेतु निर्धारित शुल्क तथा अन्य शुल्क अपनी वेबसाइट पर प्रदर्शित करेंगे।
- प्रवेश के समय निम्नलिखित मूल अभिलेखों का सत्यापन आवंटित मेडिकल अथवा डेण्टल कालेज/नोडल सेन्टर पर अभ्यर्थी द्वारा स्वयं उपस्थित होकर कराया जायेगाः–

1- आंवटन पत्र की कापी।
2- नीट यू0जी0–2026 का प्रवेश पत्र व स्कोर कार्ड।
3- हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की मार्कशीट तथा प्रमाण पत्र।
4- सामान्य निवास प्रमाण–पत्र (उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर उ0प्र0 के सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत) (यदि लागू हो तो)
5- आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र (उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर उ0प्र0 के सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत) (यदि लागू हो तो)
6- पहचान प्रमाण पत्र की छायाप्रति (आधार कार्ड/ड्राइविंग लाइसेन्स/पैन कार्ड/पासपोर्ट)

- प्रवेश के समय अभ्यर्थी को समस्त अभिलेख मूल रूप में एवं स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
- प्रवेश के समय मूल अभिलेख न होने या सत्यापन में अभिलेख गलत पाये जाने पर आवंटन/प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा। प्रवेश लेने के उपरान्त किसी भी प्रमाण पत्र के सक्षम स्तर से सत्यापन की प्रकिया में यदि कोई भी अभिलेख/प्रमाण पत्र/सूचना कूट रचित पायी जाती है तो इस स्थिति में अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त करते हुये सुसंगत धाराओं के अनुसार विधि–सम्मत कार्यवाही की जायेगी। जिसका समस्त उत्तरदायित्व अभ्यर्थी के स्वयं का होगा।

अध्याय–7
त्याग–पत्र

- यू0पी0 नीट यू0जी0–2026 के काउंसलिंग हेतु त्यागपत्र शासनादेश संख्या– **I/1448377/2026, Dated 01-09-2026** के अनुसार अनुमन्य होंगे।

- त्यागपत्र के संबंध में शासनादेश संख्या– **I/1448377/2026, Dated 01-09-2026** में दिये गये प्राविधान के सुसंगत अंश निम्नवत् हैः–
    - त्याग–पत्र देने हेतु वही अभ्यर्थी अर्ह होंगे, जिनके द्वारा आवंटन के पश्चात् प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की गयी हो। अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश प्रक्रिया जिस कालेज/नोडल सेन्टर पर सम्पन्न की गयी थी, उसी कालेज/नोडल सेन्टर पर अभ्यर्थी को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर त्याग–पत्र देना होगा। किसी भी अन्य माध्यम से प्रेषित किया गया त्यागपत्र मान्य नही होगा।
    - राजकीय मेडिकल कालेजों/डेण्टल कालेजों/नोडल सेन्टर के प्रभारी अधिकारी समस्त त्याग–पत्र नियमानुसार स्वीकार करते हुए एन0आई0सी0 के पोर्टल पर निर्धारित समयान्तर्गत अपडेट करेंगे। पोर्टल पर अपडेट किये गये त्यागपत्र ही मान्य होंगे।

(क–) प्रथम चक्र की काउन्सिलिंगः–

- यदि कोई अभ्यर्थी प्रथम चक्र की काउंसिलिंग से आवंटन प्राप्त कर प्रदेश के किसी भी राजकीय/निजी क्षेत्र की मेडिकल कालेज/डेण्टल कालेज की सीट पर प्रवेश प्राप्त कर लेता है तत्पश्चात वह प्रवेशित सीट से त्यागपत्र देना चाहता है तो ऐसे अभ्यर्थी द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग के च्वाईस फिलिंग से दो दिन पूर्व **(उदाहरणानार्थ यदि द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग की च्वाईस फिलिंग 24 जुलाई 2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे से प्रारम्भ है, तो अभ्यर्थी 22 जुलाई 2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे तक)** अपनी सीट से त्यागपत्र दे सकता है। ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी को निःशुल्क निर्गमन (Free exit) की सुविधा होगी, अर्थात् अभ्यर्थी की सम्पूर्ण धरोहर धनराशि अभ्यर्थी को वापस कर दिया जायेगा। साथ ही राजकीय क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/डेण्टल कालेजों हेतु प्रवेश शुल्क को छोड़कर तत्समय जमा समस्त शुल्क अभ्यर्थी को वापस कर दिया जायेगा एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/डेण्टल कालेजों हेतु तत्समय जमा शिक्षण शुल्क अभ्यर्थी को वापस कर दिया जायेगा।
- प्रथम चक्र से प्रवेशित कोई अभ्यर्थी यदि प्रथम चक्र की काउंसिलिंग हेतु निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् त्याग–पत्र देता है तो ऐसे अभ्यर्थियो पर द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग से संबंधित त्यागपत्र के प्राविधान लागू होंगे।

(ख–) द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंगः–

- राजकीय तथा निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/डेण्टल कालेजों हेतु प्रदेश की द्वितीय चक्र की काउंसिलिंग समाप्त होने के पश्चात् अभ्यर्थी तृतीय चक्र की काउंसिलिंग के च्वाईस फिलिंग से दो दिन पूर्व तक अपनी सीट से त्यागपत्र दे सकता है। ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी द्वारा जमा की गयी सम्पूर्ण धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी साथ ही राजकीय क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/डेण्टल कालेजों हेतु प्रवेश शुल्क को छोड़कर तत्समय जमा समस्त शुल्क अभ्यर्थी को वापस कर दिया जायेगा एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/डेण्टल कालेजों हेतु तत्समय जमा शिक्षण शुल्क अभ्यर्थी को वापस कर दिया जायेगा।

- प्रथम/द्वितीय चक्र से प्रवेशित कोई अभ्यर्थी यदि द्वितीय चक्र की काउन्सिलिंग हेतु निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् त्याग–पत्र देता है तो ऐसे अभ्यर्थियो पर तृतीय चक्र की काउन्सिलिंग से संबंधित त्यागपत्र के प्राविधान लागू होंगे।

(ग–) तृतीय चक्र की काउन्सिलिंगः–

- राजकीय क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/डेण्टल कालेजों हेतु प्रदेश की तृतीय चक्र की काउंसिलिंग समाप्त होने के पश्चात् किसी भी अभ्यर्थी को सीट रिक्त करने की अनुमति नहीं होगी, फिर भी यदि अभ्यर्थी स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड के च्वाईस फिलिंग से दो दिन पूर्व अपनी सीट से त्याग पत्र देता है तो अभ्यर्थी द्वारा जमा की गयी सम्पूर्ण धरोहर धनराशि तथा तत्समय जमा किये गये समस्त शुल्क जब्त कर लिया जायेगा।
- निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/डेण्टल कालेजों हेतु प्रदेश की तृतीय चक्र की काउंसिलिंग समाप्त होने के पश्चात् किसी भी अभ्यर्थी को सीट रिक्त करने की अनुमति नहीं होगी, फिर भी यदि अभ्यर्थी स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड के च्वाईस फिलिंग से दो दिन पूर्व अपनी सीट से त्याग–पत्र देता है, तो अभ्यर्थी द्वारा जमा की गयी सम्पूर्ण धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी साथ ही उसके द्वारा तत्समय जमा किये गये शिक्षण शुल्क का 50 प्रतिशत जब्त कर लिया जायेगा।
- प्रथम/द्वितीय/तृतीय चक्र से प्रवेशित कोई अभ्यर्थी यदि तृतीय चक्र की काउन्सिलिंग हेतु निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् त्याग–पत्र देता है तो ऐसे अभ्यर्थियो पर स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड की काउन्सिलिंग से संबंधित त्यागपत्र के प्राविधान लागू होंगे।

(घ–)स्ट्रे वैकेन्सी राउण्डः–

राजकीय/निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/डेण्टल कॉलेजों हेतु स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड के पश्चात् अथवा पाठ्यक्रम पूर्ण करने से पूर्व यदि कोई अभ्यर्थी अपनी सीट से त्याग–पत्र देता है, तो अभ्यर्थी द्वारा जमा की गयी सम्पूर्ण धरोहर धनराशि तथा तत्समय जमा किया गया समस्त शुल्क जब्त कर लिया जायेगा। यदि अभ्यर्थी को धरोहर धनराशि वापस की जा चुकी है, तो वह भी अभ्यर्थी को वापस करनी होगी। धरोहर धनराशि डिमाण्ड ड्राफ्ट के द्वारा महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पक्ष में देय होगी।

अध्याय–8
अनिवार्य शासकीय सेवा बाण्ड

- चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–2 के शासनादेश संख्या–950/71–2–82/2017 दिनांक 07.03.2018 यथा संशोधित में प्रदान निर्देशो के क्रम में राजकीय मेडिकल/डेण्टल कालेजो/संस्थानों/विश्वविद्यालयों में स्नातक (एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0) पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने वाले छात्रों से अनिवार्य शासकीय सेवा से सम्बन्धित बाण्ड भराया जायेगा, जो निम्नानुसार है:–

क्र0	पाठ्यक्रम	बाण्ड की अवधि	बाण्ड की धनराशि	सेवा का स्थान
1	स्नातक (एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0) पाठ्यक्रम	02 वर्ष	रू0 10.00 लाख	"यथासम्भव/यथावश्यकता महानगरों को छोड़कर अन्य जनपदों में स्थापित राजकीय मेडिकल कालेजों में नॉन पी0जी0 जे0आर0 के रूप में तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मे संविदा चिकित्सा अधिकारी के रूप में।"

डिबारमेन्ट:–

- शासनादेश संख्या–।/676928/2024 दिनांक 26 जून 2024 के क्रम में राजकीय क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/डेण्टल कालेजों हेतु यदि सम्बन्धित अभ्यर्थी द्वारा अन्तिम चक्र की काउंसिलिंग के पश्चात् पाठ्यक्रम पूर्ण करने से पूर्व सीट छोड़ी जाती है, तो उसे अगले शैक्षणिक सत्र की प्रवेश प्रक्रिया से Debar कर दिया जायेगा।

अध्याय–9
सहायता केन्द्र



यू.पी. नीट 2026 सहायता केंद्र

यू.पी. नीट 2026 काउंसिलिंग से संबधित जानकारी के लिए यू.पी. नीट की वेबसाइट https://upneet.gov.in पर जाकर FAQ सेक्शन (एस बी आई बैंक, आई सी आई सी आई बैंक एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग) को ध्यान से पढे । यदि FAQ से आपके समस्या का समाधान न होने की दशा में:

- बैंक से संबंधी अपनी समस्या के लिए नीचे दिये गये एस0बी0आई बैंक एवं आई0सी0 आई0सी0आई बैंक के मोबाइल नंबर पर कार्यालय समय (सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक) में कॉल करे या ई-मेल के माध्यम से अपनी समस्या का समाधान प्राप्त करें।
- अन्य किसी भी समस्या के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के सहायता केंद्र पर कार्यालय समय (सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक) पर संपर्क करें।

भारतीय स्टेट बैंक से संबंधी समस्या के लिए दिये किसी भी नंबर पर संपर्क करें-
मोबाइल नंबर- 7007322364, 9919443034
ई-मेल- sbi.06144@sbi.co.in

आई.सी.आई.सी.आई. बैंक से संबंधी समस्या के लिए दिये किसी भी नंबर पर संपर्क करें-
मोबाइल नंबर- 9712942974, 8853002213, 9935012172, 9454850549
ई-मेल- - shweta.vaish@icici.bank.in, abhinay.patel@icici.bank.in, avikal.srivastava@icici.bank.in, pravesh.saxena@icicibank.com

चिकित्सा शिक्षा विभाग से संबंधी समस्या के लिए दिये किसी भी नंबर पर संपर्क करें-
मोबाइल नंबर- 8189011696, 8189011697, 8189011698, 8189011699, 8189011700
ई-मेल- upneetcounseling2026@gmail.com

- हेल्पलाइन नम्बर एवं ईमेल के माध्यम से जवाब केवल कार्यालय दिवस में ही दिया जायेगा।
- (कार्यालय समय–11:00 AM To 05:00 PM)

नोटः– अभ्यर्थी सभी ईमेल केवल आधिकारिक ईमेल पर ही भेजें। निम्न जानकारी के बिना भेजे गए ईमेल पर विचार नहीं किया जायेगा।

I. नाम
II. पंजीकरण संख्या
III. रोल नम्बर
IV. ऑल इंडिया रैंक
V. मोबाइल नम्बर
VI. ईमेल आईडी

- **अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि जिन प्रश्नों के उत्तर सूचना बुलेटिन में उपलब्ध हैं, उनका उत्तर नहीं दिया जाएगा।**

- किसी भी विवाद की स्थिति में केवल लखनऊ स्थित माननीय न्यायालयों का ही विशेष क्षेत्राधिकार होगा।

अनुलग्नकः।

क्र0सं0	अभिलेखों के ऑनलाईन सत्यापन हेतु नोडल सेण्टर
1	किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ
2	डा0 राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल सांइसेज, लखनऊ
3	जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कालेज, कानपुर
4	एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा
5	एल0एल0आर0एम0 मेडिकल कालेज, मेरठ
6	एम0एल0बी0 मेडिकल कालेज, झाँसी
7	बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर
8	एम0एल0एन0 मेडिकल कालेज, प्रयागराज
9	उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा
10	राजकीय मेडिकल कालेज, आजमगढ
11	राजकीय मेडिकल कालेज, अम्बेडकरनगर
12	राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज
13	राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन
14	राजकीय मेडिकल कालेज, सहारनपुर
15	राजकीय मेडिकल कालेज, बाँदा
16	जिम्स, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर
17	राजकीय मेडिकल कालेज, बदायूं
18	स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अयोध्या
19	स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, फिरोज़ाबाद
20	स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, शाहजहाँपुर।

अनुलग्नकः।।

निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेन्टल कालेजों मे आवंटित अभ्यर्थियो की प्रवेश प्रकिया पूर्ण किये जाने हेतु नोडल सेन्टर की सूची

क0	नोडल सेन्टर	निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेज	निजी क्षेत्र के डेन्टल कालेज
1.	किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।	1. कैरियर इंस्टी0 आफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ।	1. कैरियर इंस्टी0 आफ डेन्टल साइंसेज एण्ड हास्पिटल, लखनऊ।
		2. एराज लखनऊ मेडिकल कालेज, लखनऊ।	
		3. टी0एस0 मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, लखनऊ।	2. सरस्वती डेण्टल कालेज एण्ड रिसर्च, लखनऊ।
		4 इंटीग्रल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेज,लखनऊ।	3. सरदार पटेल पोस्ट ग्रेजुएट आफ डेन्टल साइन्सेज, लखनऊ
		5 प्रसाद इंस्टी0 आफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ।	
		6 सरदार पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एण्ड हेल्थ साइन्सेज, लखनऊ।	
2.	डा0 राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइन्सेज, लखनऊ	7 हिन्द इंस्टीटयूट आफ मेडिकल साइन्सेज, बाराबंकी	
		8 मेयो इंस्टीटयूट आफ मेडिकल कालेज साइन्सेज, बाराबंकी।	4. बी0बी0डी0 कालेज आफ डेन्टल साइन्सेज, लखनऊ।
		9 हिन्द इंस्टीटयूट आफ मेडिकल साइन्सेज, सीतापुर।	5. चन्द्रा डेण्टल कालेज, बाराबंकी।
3.	जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कालेज, कानपुर	10 रामा इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइन्सेज, कानपुर।	6. रामा डेन्टल कालेज, कानपुर।
		11 सरस्वती मेडिकल कॉलेज, उन्नाव।	7. महाराणा प्रताप डेन्टल कालेज एण्ड हास्पिटल, कानपुर।
		12.नारायणा मेडिकल कालेज, कानपुर।	
		13 डॉ बी0एस0 कुशवाहा इंस्टिटच्यूट ऑफ मेडिकल साइंस , कानपुर।	
		14 प्रसाद मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, उन्नाव	
4.	एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।	15 के0डी0 मेडिकल कालेज, मथुरा।	8. के0डी0 डेन्टल कालेज, मथुरा।
		16 एफ0एच0 मेडिकल कालेज, आगरा।	
		17 कृष्ण मोहन मेडिकल कॉलेज, मथुरा।	
		18 एस0के0एस0 मेडिकल कालेज, मथुरा।	
		19 फूलन सिंह मेडिकल कॉलेज, एफ0एस0 यूनिवर्सिटी, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद।	
5.	एल0एल0आर0 एम0 मेडिकल कालेज, मेरठ।	20 सुभारती मेडिकल कालेज, मेरठ।	9 सुभारती डेन्टल कालेज, मेरठ।
		21 सरस्वती इंस्टीटयूट आफ मेडिकल कालेज साइन्सेज, हापुड	10. कालका डेन्टल कालेज एण्ड हास्पिटल, मेरठ।
		22 मुजफ्फरनगर मेडिकल कालेज, मुजफ्फरनगर	11. कोठीवाल डेण्टल कालेज एण्ड रिसर्च सेन्टर, मुरादाबाद।
		23 नेशनल कैपिटल रीजन इन्स्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज (एमएसवाई), मेरठ।	
		24 रामा मेडिकल कालेज हापुड	
		25 अजय सांगल इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइन्सेज एण्ड रिसर्च सेन्टर एण्ड आयुषमान हास्पिटल, शामली	
		26 राधा गोविन्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, मेरठ	

क0	नोडल सेन्टर	निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेज	निजी क्षेत्र के डेन्टल कालेज
6.	एम0एल0एन0 मेडिकल कालेज प्रयागराज	27 हेरिटेज इंस्टीटयूट आफ मेडिकल कालेज साइन्सेज, वाराणसी। 28 यूनाइटेड इन्स्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, प्रयागराज।	
7.	बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर	29 श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कालेज हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर, गोरखपुर। 30 के0एम0सी0 मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, महाराजगंज।	12. पूर्वांचल इंस्टीट्यूट डेन्टल साइन्स, गोरखपुर। 13. डेन्टल कालेज, आजमगढ़।
8.	राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ग्रेटर नोयडा।	31 स्कूल ऑफ मेडिकल साइसेंज, (शारदा यूनिवर्सटी) ग्रेटर नोयडा । 32 नोयडा इन्टरनेशनल इस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज। 33 जी0एस0 मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, पिलखुआ, हापुड।	14. आई0टी0एस0 सेन्टर फार डेन्टल मुरादनगर गाजियाबाद। 15. स्कूल ऑफ डेण्टल साइसेंज, (शारदा यूनिवर्सटी) ग्रेटर नोयडा। 16. इन्द्रप्रस्थ डेण्टल कालेज गाजियाबाद। 17. आई0टी0एस0 डेण्टल कालेज, हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर ग्रेटर नोयडां। 18.आई0डी0एस0टी0 डेण्टल कालेज, मोदीनगर, गाजियाबाद। 19. डी0जे0 डेण्टल कालेज गाजियाबाद। 20. श्री बांके बिहारी डेण्टल कालेज गाजियाबाद।
9.	बरेली इन्टरनेशनल विश्वविद्यालय, बरेली।	34 रूहेलखण्ड मेडिकल कालेज बरेली। 35 वरूण अर्जुन मेडिकल कालेज शाहजहॉपुर। 36 राजश्री मेडिकल कालेज बरेली। 37 श्री राममूर्ति स्मारक इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज बरेली।	21. आई0डी0एस0 डेण्टल कालेज बरेली।
10.	तीर्थांकर महावीर मेडिकल कालेज, मुरादाबाद।	38 तीर्थांकर महावीर मेडिकल कालेज मुरादाबाद। 39 श्री वेंकटेश्वरा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज, गजरौला, अमरोहा। 40 श्री सिद्धी विनायक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, संभल।	22. तीर्थांकर महावीर डेण्टल कालेज एण्ड रिसर्च सेन्टर मुरादाबाद।

अनुलग्नक: ।।।

राजकीय क्षेत्र के मेडिकल कालेज/संस्थान/विश्वविद्यालय

Sr.No.	Name of Colleges	Year of Inception	Total No of Seats	AIQ	Central Pool Quota	State Quota
1	किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ	1911	250	37	3	210
2	एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा	1947	200	30	3	167
3	जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कालेज, कानपुर	1956	250	37	3	210
4	एम0एल0एन0 मेडिकल कालेज, प्रयागराज	1961	200	30	3	167
5	एल0एल0आर0एम0 मेडिकल कालेज, मेरठ	1966	150	22	3	125
6	एम0एल0बी0 मेडिकल कालेज, झाँसी	1968	150	23	3	124
7	बी0आर0डी0 मेडिकल कालेज, गोरखपुर	1972	150	22	3	125
8	उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा	2006	200	30	-	170
9	राजकीय मेडिकल कालेज, अम्बेडकरनगर	2011	100	15	-	85
10	राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज	2012	100	15	-	85
11	राजकीय मेडिकल कालेज, आजमगढ	2013	100	15	-	85
12	राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन	2013	100	15	-	85
13	राजकीय मेडिकल कालेज, सहारनपुर	2015	100	15	-	85
14	राजकीय मेडिकल कालेज, बाँदा	2016	100	15	-	85
15	डा0 राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल सांइसेज, लखनऊ	2017	200	30	-	170
